अमेरिका से व्यापार वार्ता बहाल होने से बाजार में चौतरफा तेजी

# सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा, निफ्टी में 170 अंक की बढ़त

मुंबई, 16 सितंबर (एजंसी)।

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी लौटी और सेंसेक्स करीब 595 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 170 अंक की बढ़त दर्ज की गई। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत का सिलसिला फिर से शुरू होने से बाजार ने तेजी दिखाई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक 594.95 अंक यानी 0.73 फीसद की बढ़त के साथ 82,380.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 657.74 अंक तक चढ़ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 169.90 अंक यानी 0.68 फीसद चढ़कर 25,239.10 अंक पर बंद हुआ।

बाजार में रौनक लौटने के पीछे का कारण भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर फिर से बातचीत का सिलसिला शुरू होना रहा। भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों ने प्रस्तावित व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के लिए मंगलवार को बातचीत शुरू कर दी। इस सप्ताह होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक से पहले एशियाई और अमेरिकी बाजारों में तेजी रही जिसका सकारात्मक असर घरेलू बाजार पर पड़ा।

सूचकांक की कंपनियों में से कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, भारती एअरटेल और टाटा स्टील प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। आगामी अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत निर्णय में प्रमुख ब्याज दर में 0.25 फीसद कटौती की उम्मीद और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता फिर से शुरू होने को लेकर नई उम्मीद बंधने और अनुकूल वैश्विक संकेतों से घरेलू बाजार में सुधार का रुख रहा।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'नई जीएसटी दरों के लागू होने और त्योहारों के दौरान मांग की उम्मीद से वाहन और टिकाऊ उपभोक्ता सामान क्षेत्र के शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया।' व्यापक बाजार में बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.66 फीसद चढ़ गया जबकि मिडकैप में 0.62 फीसद की तेजी दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में सेवा खंड 1.67 फीसद की बढ़त लेने में सफल रहा जबकि दूरसंचार खंड में 1.50 फीसद, वाहन खंड में 1.43 फीसद और प्रौद्योगिकी खंड में 1.05 फीसद की तेजी रही। अकेले एफएमसीजी खंड में गिरावट दर्ज की गई।

लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, 'वाहन, रियल्टी, वित्तीय शेयरों में तेजी के दम पर बाजार में बढ़त रही। व्यापार वार्ता से जुड़े आशावाद और अमेरिका में ब्याज दर कटौती की संभावना की इसमें भूमिका रही।' एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कास्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट सकारात्मक दायरे में रहे, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआइआइ) ने सोमवार को 1,268.59 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे। सूचकांक सोमवार को 118.96 अंक नुकसान में रहा था जबकि निफ्टी में 44.80 अंक की गिरावट आई थी।

### रुपया आठ पैसे चढ़कर 88.08 प्रति डालर पर

अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के पटरी पर लौटने की उम्मीदें बढ़ने से मंगलवार को रुपया अमेरिकी डालर के मुकाबले आठ पैसे मजबूत होकर 88.08 प्रति डालर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि सकारात्मक घरेलू बाजारों और कमजोर डालर के कारण रुपए में मजबूती आई। अमेरिकी डालर फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक और निराशाजनक आर्थिक आंकड़ों से पहले दो महीने के निचले स्तर पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.05 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 88.16 के निचले और 88.01 के उच्च स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में यह 88.08 प्रति डालर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे अधिक है। सोमवार को रुपया अमेरिकी डालर के मुकाबले 10 पैसे बढ़कर 88.16 पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषकअनुज चौधरी ने कहा, अमेरिका से आए निराशाजनक आर्थिक आंकड़ों और कमजोर श्रम बाजार के बीच अमेरिकी डालर में व्यापक कमजोरी के कारण हमारा मानना है कि रुपया मजबूत बना रहेगा।

# जीएसटी छूट को प्रमुखता से प्रदर्शित करें खुदरा विक्रेता : वाणिज्य मंत्रालय

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 16 सितंबर।

**जीएसटी में बदलाव लागू होने पर साबुन से लेकर कार तक लगभग 400 उत्पाद सस्ते हो जाएंगे।**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने खुदरा विक्रेताओं को निर्देश दिया है कि वे हाल ही में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में किए गए संशोधन के कारण मिलने वाली छूट को प्रमुखता से प्रदर्शित करें और उसका विज्ञापन करें। भारतीय खुदरा विक्रेता संघ को भेजे एक पत्र में, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआइआइटी) ने कहा कि खुदरा विक्रेताओं को रसीद/बिल में जीएसटी में कमी को जीएसटी छूट के रूप में दर्शाना चाहिए और उच्च प्रभाव वाले उत्पादों पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

डीपीआइआइटी ने कहा, 'अपने नेटवर्क के माध्यम से वे 'जीएसटी के कारण छूट' को प्रमुखता से प्रदर्शित करें और उसका विज्ञापन करें। उदाहरण के लिए - अपने खुदरा नेटवर्क के माध्यम से पोस्टर/फ्लायर्स और विज्ञापन (प्रिंट, टीवी और आनलाइन) के माध्यम से ऐसा किया जाना चाहिए।' विभाग ने यह भी सुझाव दिया है कि इस त्योहारी सीजन के दौरान बिक्री के आंकड़ों पर नजर रखी जाए और विभिन्न माध्यमों से इसकी जानकारी दी जाए।

22 सितंबर को नवरात्रि के पहले दिन से जीएसटी में बदलाव लागू होने पर साबुन से लेकर कार, शैंपू से लेकर ट्रैक्टर और एअर कंडीशनर तक, लगभग 400 उत्पाद सस्ते हो जाएंगे। 22 सितंबर से, जीएसटी स्लैब संरचना बदल जाएगी। आम इस्तेमाल की वस्तुओं पर पांच फीसद और बाकी सभी उत्पादों पर 18 फीसद कर लगेगा। 12 और 28 फीसद की मौजूदा स्लैब को हटा दिया गया है। नए जीएसटी ढांचे में ज्यादातर रोजमर्रा की खाने-पीने की चीजें और किराना सामान पांच फीसद जीएसटी स्लैब में आ जाएंगे, जबकि ब्रेड, दूध और पनीर पर कोई कर नहीं लगेगा।

# एमएसएमई से खरीद में पिछड़ा पूर्वोत्तर क्षेत्र का विकास मंत्रालय

राकेश शर्मा
नई दिल्ली, 16 सितंबर।

छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) से खरीद के मामले में अंतरिक्ष और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय सबसे पीछे रहे। इन्हें अपने वार्षिक मूल्य का न्यूनतम 25 फीसद माल और सेवाओं की खरीद सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) से करना था। एमएसएमई संबंध पोर्टल के वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़े के अनुसार 55 में से सात मंत्रालय अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाए। इन सभी मंत्रालय को लक्ष्य पूरा न करने पर सूचना भेजी गई है।

दरअसल, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम आदेश, 2012 के लिए सार्वजनिक खरीद नीति पर समीक्षा समिति (जिसे आगे समीक्षा समिति कहा जाएगा) की बैठक सचिव (एमएसएमई) की अध्यक्षता में हुई। जारी हुए बैठक के कार्यवृत्त के अनुसार समीक्षा समिति ने निर्णय लिया है कि इस मुद्दे को लेकर एमएसएमई मंत्रालय, डीपीई और सीपीएसई के बीच द्विवार्षिक बैठकें होंगी। एमएसएमई संबंध पोर्टल पर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर, एमएसई आदेश, 2012 के लिए सार्वजनिक खरीद नीति के खंड 3 (4) के अनुसरण में उन सभी खरीद संस्थाओं को एक सूचना जारी की जाएगी, जो नीति के तहत निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहे।

संबंध पोर्टल के वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़े के अनुसार लक्ष्य हासिल न कर पाने वाले मंत्रालय में आयुष, कोयला, संचार, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास, वित्त, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय और अंतरिक्ष मंत्रालय शामिल हैं। ये सभी खरीद के मामले में अपने लक्ष्य से चार से 97 फीसद तक पीछे रहे। बैठक के बाद समीक्षा समिति ने सुझाव दिए कि अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लक्ष्य हासिल न करने वालों से रपट मांगी जाए।

# एआइ के जरिए पर्यटक करेंगे सरदार वल्लभ भाई पटेल से बातचीत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 सितंबर।

अत्याधुनिक व तकनीकी ज्ञान में प्रधानमंत्री संग्रहालय भारत के अग्रणी संग्रहालयों में गिना जाता है। यहां पर्यटक इतिहास की एक गहरी यात्रा दुर्लभ कलाकृतियों, पूर्व प्रधानमंत्रियों के निजी सामानों, अभिलेखीय सामग्री व मल्टीमीडिया प्रस्तुतियां देखते रहे हैं। लेकिन अब यहां पर्यटक आदमकद कृत्रिम मेधा (एआइ) संचालित होलोबाक्स के जरिए सरदार वल्लभ भाई पटेल को सिर्फ देख ही नहीं पाएंगे बल्कि उससे जुड़ भी सकेंगे। इस होलोबाक्स का अनावरण 17 सितंबर को किया जाएगा।

बता दें कि पर्यटकों को संग्रहालय से जोड़ने के लिए 3डी अवतार के साथ यहां लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को जीवंत, संवादात्मक बातचीत करते हुए दिखाया जाएगा। जहां पर्यटक उनके जीवन, दर्शन और भारत के इतिहास के महत्त्वपूर्ण क्षणों पर प्रश्न पूछ सकेंगे और इसके उत्तर प्राप्त कर सकेंगे।

इस एआइ होलोबाक्स की पहल को आगे बढ़ाते हुए संग्रहालय ने भविष्य में पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के आदमकद एआइ संचालित होलोबाक्स को प्रस्तुत करने की दिशा में भी काम कर रहा है। ताकि आने वाली पीढ़ियों को उनकी दूरदर्शिता और ज्ञान से प्रेरित किया जा सके। 17 सितंबर को पटेल के होलोबाक्स के अनावरण को विशेष तौर पर इस लिए रखा गया है क्योंकि देश की आजादी के बाद 17 सितंबर 1948 को इसी दिन आपरेशन पोलो को सफलता मिली थी और हैदराबाद निजाम के शासन से मुक्त होकर भारतीय संघ में एकीकृत हुआ। यह उपलब्धि वल्लभ भाई पटेल की राष्ट्रीय एकता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के कारण संभव हुई। प्रधानमंत्री संग्रहालय व पुस्तकालय के निदेशक अश्विनी लोहानी ने कहा कि यह एआइ संचालित होलोबाक्स सिर्फ एक तकनीकी चमत्कार से कहीं बढ़कर है।

## उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से मिले पलानीस्वामी

नई दिल्ली, 16 सितंबर(ब्यूरो)।

अन्नाद्रमुक महासचिव एके पलानीस्वामी ने मंगलवार को दिल्ली में नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और उन्हें जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति बनना तमिलनाडु के लिए गर्व की बात है। पलानीस्वामी के साथ पार्टी के उप महासचिव केपी मुनुसामी, मुख्यालय सचिव एसपी वेलुमणि और कुछ सांसद भी थे।

## इंडिगो आठ अक्तूबर से मुंबई से कोपेनहेगन की सीधी उड़ान शुरू करेगी

मुंबई, 16 सितंबर (भाषा)।

घरेलू एअरलाइन कंपनी इंडिगो आठ अक्तूबर से मुंबई से डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करेगी, जिससे उत्तरी यूरोप में उसके अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का और विस्तार होगा।

एअरलाइन ने कहा कि नई सेवाएं सप्ताह में तीन बार संचालित की जाएंगी, और इसके लिए नार्स अटलांटिक एअरवेज से पट्टे पर लिए गए बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान का इस्तेमाल किया जाएगा। एअरलाइन ने कहा कि कोपेनहेगन एअरलाइन का 44वां अंतरराष्ट्रीय और कुल मिलाकर 138वां गंतव्य होगा।

**शुद्धिपत्र**

एसईएफएल द्वारा "ईएमटीए समूह की संस्थाओं के ऋणों के समनुदेशन हेतु रुचि अभिव्यक्ति आमंत्रण" के संबंध में दिनांक 16 सितंबर, 2025 का संदर्भ विज्ञापन:

1. ईमेल आईडी pmooofice@srei.com को pmooffice@srei.com पढ़ा जाएगा।
2. ईओआई c-saikat.mazumdar@srei.com पर भी भेजे जा सकते हैं।
3. विषय पंक्ति इस प्रकार पढ़ी जाएगी:
   "ईएमटीए समूह की संस्थाओं के ऋणों का समनुदेशन - दिनांक 16 सितंबर, 2025 का विज्ञापन"।

अन्य सभी शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

एसडी/- सीईओ, एसईएफएल

# प्रधानमंत्री मोदी को मिले उपहारों की ई-नीलामी आज से

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 सितंबर।

**ई-नीलामी में सर्वाधिक महंगी मां भवानी की मूर्ति है, जिसका शुरुआती दाम 10,39,500 रुपए रखा गया है। पैरालिंपिक में पदक पाने वाले अजित सिंह, सिमरन शर्मा व निषाद कुमार के जूतों की शुरुआती कीमत 7,70,000 रुपए रखी गई है।**

संस्कृति मंत्रालय आज से प्रधानमंत्री को विभिन्न देशों, राज्यों व व्यक्तिगत तौर पर मिले उपहारों की ई-नीलामी करने जा रहा है। साल 2019 से शुरू हुई प्रधानमंत्री स्मृति चिह्नों की ई-नीलामी का यह सातवां संस्करण है, जिससे एकत्र राशि को नमामि गंगे परियोजना को दिया जाएगा। मंगलवार को इन उपहारों की ई-नीलामी की घोषणा केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने की। साथ ही वे राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (एनजीएमए) में प्रदर्शित किए गए उपहारों को देखने भी पहुंचे थे।

संस्कृति मंत्री ने बताया कि इस साल प्रधानमंत्री को मिले 1300 से अधिक उपहारों की आनलाइन ई-नीलामी 17 सितंबर से 2 अक्तूबर 2025 तक की जाएगी। इनमें प्रधानमंत्री को मिलने वाली पेंटिंग, कलाकृतियां, मूर्तियां, देवी-देवताओं की मूर्तियां व कुछ खेल सामग्री शामिल है। इस बार के उपहारों का मुख्य आकर्षण जम्मू और कश्मीर का एक जटिल कढ़ाई वाला पश्मीना शाल, राम दरबार की एक तंजौर पेंटिंग, नटराज की धातु की मूर्ति, जीवन वृक्ष को प्रदर्शित करती गुजरात की रोगन कला, हाथ से बुना हुआ नागा शाल के साथ पेरिस पैरालिंपिक 2024 में भाग लेने वाले भारतीय पैरा-एथलीटों द्वारा उपहार में दी गई खेल स्मृति चिह्न हैं।

इसके अलावा पारंपरिक कला, चित्रकला, मूर्तिकला, हस्तशिल्प व आदिवासी कलाकृतियों से लेकर सम्मान और आदर के लिए पहनाए जाने वाले अंगवस्त्र, पगड़ी, तीर-बाण, गदा इत्यादि भी ई-नीलामी के लिए रखे गए हैं। ई-नीलामी में बोली लगाने के इच्छुक इन उपहारों को एनजीएमए में जाकर देख भी सकते हैं।

मालूम हो कि प्रधानमंत्री को मिले हजारों उपहारों की नीलामी की जा चुकी है, जिससे नमामि गंगे परियोजना के लिए 50 करोड़ से ज्यादा की राशि जुटाई गई है।

**ALCHEMIST CORPORATION LIMITED**

Registered Office: 44, Backary Portion, 2nd Floor, Regal Building, Connaught Place, Central Delhi, New Delhi, Delhi, India, 110001.
Tel: 011-49096562; Email: info@alchemist-corp.com, Website: www.alchemist-corp.com
Corporate Identification Number: L74899DL1993PLC055768

This Advertisement is being issued by, Saffron Capital Advisors Private Limited ("**Manager to the Offer**"), on behalf of, Wallet Circle Technologies Limited (**"Acquirer"**) to acquire upto 12,72,133 (Twelve Lakh Seventy Two Thousand One Hundred And Thirty Three) Fully paid-up Equity shares of face value of ₹ 10/- each for cash at a price of ₹ 16/- (Rupees Sixteen Only) per Equity Share aggregating ₹ 2,03,54,128/- (Rupees Two Crore Three Lakh Fifty-Four Thousand One Hundred Twenty-Eight Only) to the Public Shareholders of Alchemist Corporation Limited ("**Target Company**") Pursuant to and in Compliance with the Requirements of the Securities and Exchange Board of India (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations, 2011, as amended ("**SEBI (SAST) Regulations, 2011**") ("**Offer**" Or "**Open Offer**")

**Kind Attention- Physical Shareholders of Alchemist Corporation Limited**

Eligible Shareholders holding Equity Shares in physical form and who have not received the physical copy of Letter of Offer ("**LOF**") for any reason whatsoever, may send request to Registrar & Transfer Agent to the Open Offer, Cameo Corporate Services Limited at priya@cameoindia.com and avail soft copy of the LOF. Alternatively, Eligible Shareholders may also download the soft copy of LOF from the website of SEBI's website www.sebi.gov.in or Manager to the Offer, www.saffronadvisor.com or BSE, www.bseindia.com. Eligible Shareholders are required to refer to the Section titled *"Procedure for Acceptance and Settlement of the Offer"* at page no. 34 of the LOF in relation to inter alia the procedure for tendering their Equity Shares in the Open Offer and are required to adhere to and follow the procedure outlined therein.

Capitalised terms used but not defined in this Advertisement shall have the same meanings assigned to such terms in the Public Announcement and/or DPS and/or LOF and/or Corrigendum. The Acquirer accepts full responsibility for the information contained in this Advertisement and also for the obligations of the Acquirer as laid down in SEBI (SAST) Regulations, 2011.

**ISSUED BY THE MANAGER TO THE OFFER ON BEHALF OF THE ACQUIRER**

SAFFRON energising ideas

**Saffron Capital Advisors Private Limited**
605, Sixth Floor, Centre Point, J. B. Nagar, Andheri (East), Mumbai-400 059, India
**Tel. No.:** +91-22-49730394; **Email id:** openoffers@saffronadvisor.com; **Website:** www.saffronadvisor.com;
**Investor Grievance Id:** investorgrievance@saffronadvisor.com;
**SEBI Registration Number:** INM000011211
**Validity:** Permanent
**Contact Person:** Yashi Srivastava / Chirag Singhal

**REGISTRAR TO THE OPEN OFFER**

CAMEO

**Cameo Corporate Services Limited**
Subramanian Building, 5thFloor, No. 1Club House Road, Chennai –600 002, India
**Tel. No.:** +91-44-4002 0700;
**Email id:** priya@cameoindia.com
**Website:** www.cameoindia.com
**Investor Grievance Id:** investor@cameoindia.com
**SEBI Registration Number:** INR000003753
**Validity:** Permanent
**Contact Person:** Sreepriya K

**Place: New Delhi**
**Date: September 16, 2025**

**THIS IS CORRIGENDUM TO PRICE BAND ADVERTISEMENT**
**THERE IS NO EXTENSION IN THE OFFER PERIOD**
**THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.**

JAYDEE

**JD CABLES LIMITED**
**CIN: U29253WB2015PLC206712**

*Our Company was originally incorporated as 'JD Cables Private Limited' a private limited company under the Companies Act, 2013 at Kolkata, West Bengal, pursuant to a certificate of incorporation dated June 12, 2015, issued by the Registrar of Companies, West Bengal ("RoC"). Thereafter, name of our Company was changed from 'JD Cables Private Limited' to 'JD Cables Limited', consequent to conversion of our Company from private to public company, pursuant to a special resolution passed by the shareholders of our Company on October 28, 2024 and a fresh certificate of incorporation dated December 02, 2024 was issued by the Registrar of Companies, Central Processing Centre. The Corporate identification number of our company is U29253WB2015PLC206712. For further details, please refer to the chapter titled "History and Certain Corporate Matters" on page 127 of the Red Herring Prospectus.*

**Registered Office:** Arch Square X2, 14th Floor, 1401, Salt Lake Sector V, Near College More, Sech Bhawan, North 24 Parganas, Salt Lake, West Bengal, India, 700091;
**Telephone:** +91 7439864020; **E-mail:** compliance@jdcables.in; **Website:** https://jdcables.in/
**Contact Person:** Ms. Swati Mittal, Company Secretary and Compliance Officer;

**PROMOTERS OF OUR COMPANY: MR. PIYUSH GARODIA**

**INITIAL PUBLIC OFFERING UP TO 63,15,200 EQUITY SHARES OF RS. 10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF JD CABLES LIMITED ("JCL" OR THE "COMPANY" OR "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF RS. [•] /- PER EQUITY SHARE (THE "OFFER PRICE"), AGGREGATING TO RS. [•] LAKHS ("THE OFFER"), COMPRISING A FRESH OFFER OF UP TO 55,53,600 EQUITY SHARES AGGREGATING TO RS. [•] LAKHS BY OUR COMPANY ("FRESH OFFER") AND AN OFFER FOR SALE OF UP TO 7,61,600 EQUITY SHARES BY MR. PIYUSH GORADIA ("THE SELLING SHAREHOLDER") AGGREGATING TO RS. [•] LAKHS ("OFFER FOR SALE") OUT OF THE OFFER, 3,16,000 EQUITY SHARES AGGREGATING TO RS. [•] LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER ("MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE OFFER LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. OFFER OF UP TO 59,99,200 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS. 10.00/- EACH AT AN OFFER PRICE OF RS. [•] /- PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO RS. [•] LAKHS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET OFFER". THE OFFER AND THE NET OFFER WILL CONSTITUTE UPTO 28.00 % AND UPTO 26.60 %, RESPECTIVELY OF THE POST OFFER PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

**Subject to finalization of basis of allotment.*

The Issue is being made in terms of Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018 the Red Herring Prospectus has been filed with SEBI. In terms of SEBI Regulations, the SEBI shall not issue any observations on the Offer Document. Hence there is no such specific disclaimer clause of SEBI. However, investors may refer to the entire "Disclaimer Clause of SEBI" beginning on page 177 of the Red Herring Prospectus.

**ATTENTION INVESTORS – CORRIGENDUM**

In reference to the Red Herring Prospectus dated September 11, 2025, On Page no. 199 of Red Herring Prospectus changes are made under Non-Institutional Applicants and Maximum Bid size under Issue Structure. Thus, investors should note the following:

| Particulars of the Offer [2] | Market Maker ReservationPortion | QIBs[1] | Non-Institutional Applicants | Individual Investors |
|---|---|---|---|---|
| Percentage of Offer size available for allocation | 5.004% of the Offer size | Not more than 50% of the Net Issue being available for allocation to QIB Bidders. However, up to 5% of the Net QIB Portion may be available for allocation proportionately to Mutual Funds only. Mutual Funds participatingin the Mutual Fund Portion will also be eligible for allocation in the remaining QIB Portion. The unsubscribed portion in the Mutual Fund Portion will be added to the Net QIB Portion Up to 60.00% of the QIB Portion may be available for allocation to Anchor Investors and one third of the Anchor Investors Portion shall be available for allocation to domestic mutual funds only. | Not less than 15% of the Net Offer or the Offer less allocation to QIBs and Individual Investors/Bidders was available for allocation. Further, (a) one third of the portion available to non-institutional investors shall be reserved for applicants with application size of more than two lots and up to such lots equivalent to not more than ₹10 lakhs (b) two third of the portion available to non-institutional investors shall be reserved for applicants with application size of more than ₹10 lakhs, provided that the unsubscribed portion in either the sub-categories mentioned above could be allocated to applicants in the other sub-category of Non-Institutional Bidders. | Not less than 35% of the Net Offer |
| Maximum Bid Size | [•] Equity Shares | Such number of Equity Shares in multiples of [•] Equity Shares not exceeding the size of the Net Offer, subject to applicable limits | Such number of Equity Shares in multiples of [•] Equity Shares not exceeding the size of the Net Offer (excluding the QIB portion), subject to limits as applicable to the Bidder | Such number of Equity Shares in multiples of [•] Equity Shares such that the minimum bid size shall be 2 lots with application of above Rs. 2,00,000. |

**GENERAL RISK:** Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this Issue unless they can afford to take the risk of losing their investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in this Issue. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of the Issuer and this Issue, including the risks involved. The Equity Shares have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of the Red Herring Prospectus. Specific attention of the investors is invited to 'Risk Factors' on page 28 of the Red Herring Prospectus.

| BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE ISSUE | REGISTRAR TO THE ISSUE | COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER |
|---|---|---|
| GYR Capital Advisors<br>**GYR CAPITAL ADVISORS PRIVATE LIMITED**<br>428, Gala Empire, Near JB Tower, Drive in Road, Thaltej, Ahmedabad -380 054, Gujarat, India.<br>**Telephone:** +91 87775 64648<br>**Facsimile:** N.A.<br>**E-mail:** info@gyrcapitaladvisors.com<br>**Website:** www.gyrcapitaladvisors.com<br>**Investor grievance:** investors@gyrcapitaladvisors.com<br>**Contact Person:** Mrs. Vrunda Pathak / Mr. Kaushik Khambhadiya<br>**SEBI Registration Number:** INM000012810 | MUFG<br>**MUFG INTIME INDIA PRIVATE LIMITED**<br>(Formerly known as Link Intime India Private Limited)<br>C-101, 1st Floor, 247 Park, Lal Bhadur Shastri Marg, Vikhroli (West), Mumbai 400 083, Maharashtra, India<br>**Telephone:** +91 810 811 4949<br>**Email:** jdcables.smeipo@in.mpms.mufg.com<br>**Website:** www.linkintime.co.in<br>**Investor Grievance Email:** jdcables.smeipo@in.mpms.mufg.com;<br>**Contact Person:** Ms. Shanti Gopalkrishnan<br>**SEBI Registration Number:** INR000004058<br>**CIN:** U67190MH1999PTC118368 | JAYDEE<br>**JD CABLES LIMITED**<br>Ms. Swati Mittal<br>Company Secretary and Compliance Officer<br>Arch Square X2, 14th Floor, 1401, Salt Lake Sector V, Near College More, Sech Bhawan, North 24 Parganas, Salt Lake, West Bengal, India, 700091<br>**Telephone:** +91 7439864020;<br>**E-mail:** compliance@jdcables.in<br>**Website:** https://jdcables.in/<br>Investors can contact the Company Secretary and Compliance Officer or the BRLM or the Registrar to the Issue in case of any pre-issue or post-issue related problems, such as non-receipt of letters of Allotment, non-credit of Allotted Equity Shares in the respective beneficiary account and refund orders, etc. |

**All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Red Herring Prospectus.**

**On behalf of Board of Directors**
**FOR, JD CABLES LIMITED**
**Sd/-**
**Ms. Swati Mittal**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Place: Kolkata, India**
**Date: September 15, 2025**

**Disclaimer:** JD Cables Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has filed the RHP with the Registrar of Companies, Kolkata on September 11, 2025 and thereafter with SEBI and the Stock Exchange. Full copy of the Red Herring Prospectus is available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in, website of the Company at https://jdcables.in/, the website of the BRLM to the Issue at: www.gyrcapitaladvisors.com, the website of BSE SME at https://www.bsesme.com/PublicIssues/RHP.aspx, respectively. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, please refer to the RHP including the section titled "Risk Factors" beginning on page 28 of the Red Herring Prospectus.
The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act, 1933 and in accordance with any applicable U.S. State Securities laws. The Equity Shares are being issued and sold outside the United States in 'offshore transactions' in reliance on Regulation "S" under the Securities Act, 1933 and the applicable laws of each jurisdiction where such issues and sales are made. There will be no public offering in the United States.